# 'विविधता में एकता की पहचान हिंदी से ही संभव'

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ईएसआइसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी कार्यशाला के साथ सह संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत सरकार के राजभाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन) कुमार पाल शर्मा और कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस वर्ष की विश्व हिंदी दिवस की थीम हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक है।



ईएसआइसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा का स्वागत करते कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव • स्रोत: विज्ञप्ति

कार्यालय प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने कविता, गीत, गजल सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर हिंदी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशासन शाखा को अंतर-शाखा कार्यालयी राजभाषा चल शील्ड योजना के अंतर्गत शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं हिंदी डिक्टेशन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत उप निदेशक सचिन सिंह को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा ने कहा कि हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी आज डिजिटल और आधुनिक तकनीक की सशक्त भाषा बन रही है और विविधता में एकता की पहचान हिंदी के माध्यम से ही संभव है। सहायक निदेशक (राजभाषा) डा. स्वीटी यादव ने बताया कि कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तहत आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मंच संचालन बिरजू सिंह ने किया।

वोदय टाइम्स TUE,13 JANUARY 2026
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# विश्व हिंदी दिवस पर ईएसआईसी में हिंदी कार्यशाला

## हिंदी हमारे हृदय के सबसे करीब हैः सुनील




*हिंदी डिक्टेशन योजना वर्ष-2024-25 का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए।*

गुड़गांव, 12 जनवरी (ब्यूरो): विश्व हिंदी दिवस पर ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुमार पाल शर्मा, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन) भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली व कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में सरस्वती वंदना के साथ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यालय प्रमुख ने शॉल, प्लांट पॉट व श्रीफल भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत व आतिथ्य सत्कार किया। विश्व हिंदी दिवस-2026 की थीम हिंदी: पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक।

कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा कविता, गीत, गज़ल आदि के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कार्यालय की प्रशासन द्वारा शील्ड योजना के अंतर्गत शील्ड व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रमुख द्वारा सचिन सिंह उप निदेशक को हिंदी डिक्टेशन योजना वर्ष-2024-25 का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक (रा.भा.) ने मुख्य अतिथि, कार्यालय प्रमुख, व उपस्थित अधिकारियों की सहभागिता के लिए आभार प्रकट किया।